Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार, 14 मार्च 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 166

# ऐशबाग इलाके में रह रहे आधा दर्जन आतंकी गिरफ्तार

**खुफिया एजेंसी कर रही पूछताछ।**



**भोपाल (आरएनएस)।** राजधानी भोपाल के पुराने इलाके ऐशबाग थाने से 200 मीटर की दूरी पर फातिमा मस्जिद के पास बिल्डिंग में किराए का घर लेकर रह रहे 6 आतंकियों को खुफिया एजेंसी ने आपरेशन चलाकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए इन लोगों के पास से कई बोरी धार्मिक साहित्य, दर्जन भर से ज्यादा लैपटाप तथा बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और हथियार भी जब्त किए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि इस आपरेशन के साथ ही एक और छापा शहर के बाहर करौंद इलाके में भी मारा गया, वहां से भी आतंकियों के गिरफ्तार होने की सूचना है। खुफिया एजेंसी गिरफ्तार लोगों को अज्ञात स्थान पर लेकर पूछताछ कर रही है।गिरफ्तारी के बाद घर को सील कर दिया गया है।

इस गिरफ्तारी के बाद आरएनएस ने पड़ोसियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि देर रात 3 बजे 50 से 60 पुलिसकर्मी आए और गोली मारकर दरवाजे का ताला तोड़ दिया। गिरफ्तारी के बाद उस कमरे को पूरी तरह से सील कर दिया गया है, किसी को भी वहां जाने की इजाजत नहीं है। पड़ोसी का कहना है कि करीब तीन महीने से दो लोग यहां किराए पर रह रहे थे।

बताया जाता है कि खुफिया एजेंसी ने आतंकियों को पकडऩे के आपरेशन को पूरी तरह गोपनीय रखा। स्थानीय थाने को भी इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। बिल्डिंग में कई किराएदार परिवार रहते हैं। पूरी गली में दहशत का माहौल है कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है। बस सिर्फ इतना कहना है कि यह बिल्डिंग 70 साल की नायाब जहां की और वह अपनी बेटी के साथ रहती हैं। थोड़ी देर पहले तक नमाज पढ़ रही थीं, अचानक से गायब हो गई हैं।

खुफिया एजेंसी को इस बात की सूचना मिली थी कि आतंकियों ने अपने छिपने का ठिकाना भोपाल में बनाया है। इसके बाद जांच कर एजेंसी इन तक पहुंची गई और इन्हें गिरफ्तार कर लिया। इनकी निशानदेही पर भोपाल के बाहर करौंद क्षेत्र के एक घर में भी छापा मारा जाने की बात सामने आ रही है। इसके पहले इंदौर और उज्जैन के पास महिदपुर और उन्हेंल इलाके से भी सिमी आतंकियों के तार जुड़े थे। इंदौर के करीब जंगल में सिमी आतंकी हथियार चलाने की ट्रेनिंग लेते थे।

## जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ जवान की हत्या करने वाला आतंकवादी गिरफ्तार

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) विजय कुमार ने बताया कि मामले में एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा कि अपराध को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल की गई पिस्तौल को संदिग्ध के पास से बरामद कर मामला दर्ज कर लिया गया है।

आईजीपी कश्मीर ने कहा कि अपराध के दौरान आतंकवादी के साथ गए एक ओवरग्राउंड वर्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर आबिद रमजान शेख के निर्देश पर आतंकी अपराध को अंजाम दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि आतंकवादियों ने बीते शाम को सीआरपीएफ जवान मुख्तार अहमद की शोपियां के चेक चोटीपुरा इलाके स्थित उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। आईजीपी ने ट्वीट किया, हमने सीआरपीएफ जवान के हत्यारे को गिरफ्तार किया है। अपराध में इस्तेमाल हथियार (पिस्तौल) उसकी निशानदेही पर बरामद कर लिया गया है। एक ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) जो आतंकवाद के इस अपराध में उसका साथ दे रहा था, उसे भी गिरफ्तार किया गया है।

कुमार ने बताया कि इस अपराध को लश्कर ए तैयबा के कमांडर आबिद रमजान शेख के निर्देश पर अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दो दोस्तों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**झुंझुनू (आरएनएस)।** राजस्थान में झुंझुनू जिले के बगड़ थाना क्षेत्र में रतन शहर में दो दोस्तों ने एक साथ एक ही पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अभी कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। बगड़ पुलिस थानाधिकारी ने बताया कि अरुण योगी (21) तथा जगदीश सैनी (22) दोनों ने रतनशहर में रेलवे लाइन के पास एक खेत में पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। खेत में एक पेड़ पर एक साथ दोनों को लटके देखकर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पेड़ से उतरवा कर अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिए। अरुण और जगदीश दोनों दोस्त थे। एक साथ फांसी लगाने की घटना से गांव में हर कोई सदमे में है। कारणों का पता नहीं चल पाया है। थानाधिकारी श्रवण कुमार ने बताया कि जगदीश सैनी टेक्नीशियन है। बिजली का काम करता है।

### हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**खरगोन (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के बड़वाह थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य के उपरांत उसकी हत्या कर शव दफना देने के मामले में पुलिस ने आज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बड़वाह के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) विनोद दीक्षित ने बताया कि 11 वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य के उपरांत हत्या करने के मामले में हरदा जिले के खिड़किया निवासी 19 वर्षीय कृष्णा को गिरफ्तार किया गया है। हरदा जिलानिवासी कृष्णा इस क्षेत्र में मजदूरी के लिए आया था। आरोपी को आज न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम मुरल्ला में 8 मार्च को 11 वर्षीय बालक लापता हो गया था। पुलिस को सूचना मिलने पर जानकारी मिली कि वह आखरी बार कृष्णा के साथ देखा गया है। फरार कृष्णा को आज हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने बताया कि नाबालिग को शराब पिलाने के बाद उसने उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया था।

### अज्ञात वाहन के नीचे दबकर दो भाइयों की दर्दनाक मौत

**प्रयागराज हाईवे के रामनगर के पास हुआ हादसा**

**बीकापुर-अयोध्या (आरएनएस)।** अयोध्या प्रयागराज हाईवे मार्ग पर बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के रामनगर के निकट सडक़ हादसे में अज्ञात वाहन के नीचे दबकर दो भाइयों की दर्दनाक मौत। हादसे की सूचना पर बीकापुर प्रभारी निरीक्षक मणि शंकर तिवारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर दोनों लोगों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर पहुंचाया गया जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक सतीश चंद्रा के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक मणिशंकर तिवारी ने ने बताया कि बीकापुर से रिश्तेदारी होकर दोनों लोग बाइक से सुल्तानपुर घर जाते समय रामनगर के पास या दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें बाइक पर सवार सचिन कुमार उम्र 18 वर्ष पुत्र विद्यासागर उर्फ बंटी शुक्ला, अन्नू उम्र 12 वर्ष पुत्र विद्यासागर उर्फ बंटी शुक्ला निवासी जासरपुर अमुउ थाना धनपतगंज जनपद सुल्तानपुर अनियंत्रित होकर भारी वाहन के नीचे आ जाने से दबकर मौत हो गई। चैरे चैकी इंचार्ज के द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया।

## भारत में रोहिंग्या मुसलमानों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एनआईए ने 6 तस्करों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने भारतीय क्षेत्र में रोहिंग्या मुसलमानों की तस्करी करने वाले गिरोह के छह लोगों को गिरफ्तार किया है। देश की शीर्ष जांच एजेंसी के अधिकारी ने कहा कि यह गिरोह असम, पश्चिम बंगाल, मेघालय के साथ-साथ अन्य हिस्सों के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय था। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए ये छह लोग भारतीय क्षेत्र में रोहिंग्या मुसलमानों की अवैध तस्करी में शामिल एक गिरोह का हिस्सा थे। संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया में सबसे अधिक उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों में रोहिंग्या मुसलमानों को शामिल किया है। सैकड़ों-हजारों रोहिंग्या मुसलमान म्यांमार की सेना की कार्रवाई से बचने के लिए 2017 में अपने घरों से भाग गए। मानवाधिकार समूह एमनेस्टी इंटरनेशनल ने म्यांमार की स्टेट काउंसलर आंग सान सू ची और देश की सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। साथ ही उन पर रखाइन राज्य में फैली भयावहता पर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाया है।

कुछ दिन पहले ही यूपी एटीएस ने मानव तस्करी गिरोह के सदस्य मोहम्मद रफीक उर्फ रफीक उल इस्लाम को लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। वह जेल में निरुद्ध अपने एक साथी ईस्माइल से मिलने आया था। यह गिरोह जाली दस्तावेजों के आधार पर म्यांमार और बांग्लादेश से महिलाओं व बच्चों को अवैध रूप से भारत लाकर बेचता है।

रफीक का जन्म बांग्लादेश के रोहिंग्या कैम्प में हुआ था, जबकि उसके माता-पिता मूल रूप से म्यांमार के रहने वाले थे। वर्तमान में वह भारत में हैदराबाद स्थित बहादुरपुरा कमिला में रह रहा है। रफीक जब चार साल का था तभी इसके माता-पिता की मृत्यु हो गई थी। उसका पालन पोषण चाचा मकसूद अली ने किया और उन्हीं के साथ बांग्लादेश बॉर्डर अवैध रूप से पार करके भारत आ गया था।

## पत्नी की झूठी शिकायत से पति हुआ मानसिक प्रताड़ना का शिकार , हाईकोर्ट ने रद्द की शादी




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक हिंदू दंपति के विवाह को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि पत्नी ने अपने पति के खिलाफ एक झूठी शिकायत की थी, जिसके चलते उसकी (पति की) अत्यधिक मानसिक प्रताडऩा हुई। कोर्ट ने महिला के इस कृत्य को पति और उसके परिवार का चरित्र हनन बताया है। जस्टिस विपिन सांघी और जस्टिस जसमीत सिंह की एक बेंच ने कहा कि मौजूदा मामले में झूठे आरोप पति और उसके परिवार के सदस्यों का स्पष्ट रूप से किया गया चरित्र हनन है।

बेंच ने एक परिवार अदालत के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें दंपति को तलाक देने से इनकार कर दिया गया था। बेंच ने कहा कि परिवार अदालत ने इस बात को नजरअंदाज किया कि पुलिस थाने जाने से पति की मानसिक प्रताडऩा हुई, जो नहीं जानता था कि उसके खिलाफ कब एक मामला दर्ज किया गया और वह गिरफ्तार हो जाएगा।

पीड़ित व्यक्ति ने वकील सुमित वर्मा के मार्फत परिवार अदालत के आदेश के खिलाफ एक अपील दायर की थी। दरअसल, उसकी पत्नी ने महिलाओं के खिलाफ अपराध (सीएडब्ल्यू) संबंधी प्रकोष्ठ के समक्ष उक शिकायत दर्ज कराई थी।

अदालत ने इस बात का जिक्र किया कि ससुराल का घर छोडऩे के करीब दो साल बाद और विवाह के तीन साल बाद पत्नी ने वुमेन सेल में एक शिकायत दर्ज करा कर दहेज की मांग, बदसलूकी, शारीरिक एवं मानसिक यातना सहित अन्य निर्ममता के आरोप लगाए थे तथा ये सभी आरोप बेबुनियाद थे।

बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता (पति) को इस शिकायत के सिलसिले में 30-40 बार पुलिस थाने जाना पड़ा। पुलिस थाना किसी के जाने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थानों में शामिल नहीं है।

अदालत ने एक हालिया आदेश में कहा कि उसे जब कभी पुलिस थाने जाने की जरूरत पड़ी होगी, इसके चलते हर बार उसकी मानसिक प्रताडऩा हुई होगी। अदालत ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच संबंध ठीक होने के दायरे से काफी आगे निकल गए हैं। वे पिछले 12 साल से साथ में नहीं रह रहे हैं और संबंध को जारी रखने पर जोर देने से दोनों पक्षों को और पीड़ा पहुंचेगी। बेंच ने कहा कि लंबे समय तक दोनों पक्षों का अलग रहना खुद में तलाक के लिए एक आधार होना चाहिए।

## पीएम मोदी ने मांगी सरकार की सोशल वेलफेयर स्कीमों की लिस्ट, सभी मंत्रालयों को जारी किए आदेश



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश सहित 4 राज्यों के विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल की है। बीजेपी यह बात अच्छे से जानती है कि सोशल वेलफेयर स्कीमों का लाभ लेने वाले लोगों ने उन्हें इस बार जमकर अपना समर्थन दिया है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रालयों को अनुसूचित जाति और जनजाति, युवाओं और महिलाओं के संबंध में पिछले साढ़े सात वर्षों में सरकार की उपलब्धियों की लस्टि तैयार करने का निर्देश दिया है। इन उपलब्धियों का अध्ययन करने के लिए मंत्रियों का एक समूह स्थापित किया जाएगा।

पीएमओ ने सभी संबंधित मंत्रालयों से डेटा मांगा है कि देशभर में कितनी सोशल स्कीम चल रही हैं, उनका कितने लोगों को फायदा मिला है और इसके लिए अब तक कितना बजट आवंटित हो चुका है। केंद्र सरकार की योजना यह है कि इसका देश भर में प्रचार किया जाए। इसके अलावा सरकार ने उन सभी योजनाओं के बारे में भी प्लान मांगा है, जिन्हें लॉन्च करने की योजना है।

एक अधिकारी ने कहा कि 9 मार्च को बीजेपी की एक कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री ने इस नई योजना के बारे में बात की थी और उपस्थित मंत्रियों से कहा था कि चूंकि उनके मंत्रालय समाज के वंचित वर्गों के लिए काम कर रहे थे और उनके वार्षिक बजट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा इन वर्गों के लिए खर्च किया गया था, इसलिए उन्हें अपनी उपलब्धियों को इक_ा करना होगा और उन्हें नोडल मंत्रालयों को भेजना होगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए नोडल मंत्रालय है, जबकि जनजातीय मामलों का मंत्रालय अनुसूचित जनजातियों से संबंधित मामलों को देखता है। इसके अलावा महिला, बाल विकास, युवा और खेल मामलों के लिए अलग मंत्रालय हैं।

कहा जा रहा है कि पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया था कि सभी मंत्रालय इन वर्गों के कल्याण में योगदान करते हैं। उदाहरण के लिए वंचित वर्गों को सब्सिडी वाले रसोई गैस सिलेंडर प्रदान करने की उज्ज्वला योजना का प्रबंधन पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा किया जाता है, और इससे महिलाओं और गरीब परिवारों को लाभ होता है। कई अन्य मंत्रालय अपने बजट के एक बड़े हिस्से का उपयोग लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए करते हैं, चाहे वह ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत रोजगार प्रदान करना हो या वित्तीय समावेशन के लिए जन धन बैंक खाते बनाने हों।

## मृत्यु के समय श्रीकृष्ण की छवि सामने हो, यही वरदान चाहिए: हेमा मालिनी

**सांसद बोलीं ब्रजवासियों की विशेष कृपा, पांचों सीटों पर भाजपा को जिताया**

**मथुरा (आरएनएस)।** सांसद एवं सिने अभिनेत्री हेमामालिनी ने कहा कि ब्रज में श्रीकृष्ण से यह वरदान चाहिए कि मृत्यु के समय उनकी छवि मेरे सामने हो। उन्होंने सभी ब्रजवासियों को ब्रज की होली की बधाई देते हुए प्रदेश में बीजेपी सरकार बनाने पर आभार व्यक्त किया। सांसद हेमामालिनी प्रियाकान्तजू मंदिर पर होली महोत्सव में यह बातें कहीं। सांसद एवं सिने अभिनेत्री हेमामालिनी ने छटीकरा मार्ग स्थित ठा. श्रीप्रियाकान्तजू मंदिर पर आयोजित होली महोत्सव में भाग लिया। भागवत प्रवक्ता देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। व्यासगद्दी पूजन कर उन्होने देवकीनंदन महाराज को आध्यात्मिक यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी । उन्होने कहा कि जब मैं पहली बार सांसद बनने मथुरा आयी तब देवकीनंदन महाराज ने मार्गदर्शन किया और प्रोत्साहित किया। कहा कि इनके सुझाव पर ब्रज में आकर साड़ी पहनना शुरू किया। काम के चलते घूंघट करने की आदत तो नहीं है लेकिन अन्य महिलाओं को घूंघट में देखकर अच्छा लगता है। संस्कृत श्लोक उच्चारित करते हुये अभिनेत्री हेमामालिनी ने कहा कि किसी को कष्ट न पहुंचाते हुये मृत्यु होना सौभाग्य की बात है । भगवान से यह वरदान चाहिये कि मृत्यु के समय उनकी छवि मेरे सामने हो ।

## गोवर्धन की सप्तकोसी परिक्रमा में बिखर रही होली की अद्भुत छटा

**होली मनाने देश विदेश से हजारों की संख्या में गोवर्धन पहुंच रहे श्रद्धालु**

**मथुरा (आरएनएस)।** गिरिराज तहलहटी इस समय मिनी भारत का नजारा पेश कर रही है। कोरोना के प्रतिबंध शिथिल होने के बाद देश विदेश से बडी संख्या में श्रद्धालु बडी संख्या में अपने आराध्य के सथ होली मनाने के लिए पहुंच रहे हैं। देश विदेश से आ रहीं श्रद्धालुओं की ये टोलियां अद्भुत दृश्य पैदा कर रही हैं। अलग अलग बोली, अलग अलग भाषा और परिधानों में होली खेलते ये टोलियां ब्रज में होली का अलग ही अंदाज पैदा कर रही हैं। वहीं प्रशासन की ओर से भी होली पर समुचित व्यवस्था की गई है। किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो इसके व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पार्किंग से लेकर साफ सफाई तक का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इससे भी यहां आ रहे श्रद्धालु खुश नजर आए। ऐसे श्रद्धालुओं की संख्या भी बहुतायत में है जो वर्षों से लगातर ब्रज में आकर होली मना रहे हैं। इंदौर से आए महेश कालरा ने बताया कि वह पिछले सात साल से यहां आकर होली मना रहे हैं। यहां व्यवस्थाएं बहुत अच्छी है। बहुत सहयोग मिलता है बहुत आनंद आता है। यहां आकर दुनियांदारी को भूल जाते हैं। मध्यप्रदेश से आए माही लाल अग्रवाल ने कहा वह पिछले दस साल से आ रहे हैं। ठाकुर जी के साथ होली खेलकर मन को आनंद प्रप्त होता है। सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग में देवास से सैकडों की संख्या आए श्रद्धालु भक्तों ने गिरिराज जी के साथ होली खेली। वहीं ढोल नगाड़ों की धुन पर नाचते गाते और होली का आनंद लिया। गोवर्धन में इस समय दिल्ली, हरियाणा, एमपी, राजस्थान, गुजरात सहित दूसरे प्रदेशों के श्रद्धालु भी दिख रहे हैं।

## चुनाव नतीजों के 2 दिन बाद राज्यपाल से मिले बीजेपी के विश्वजीत राणे, गोवा सीएम को लेकर अटकलें तेज



**पणजी (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री पद के दावेदार भाजपा के विश्वजीत राणे ने गोवा के राज्यपाल से मुलाकात की। हालांकि इसे एक व्यक्तिगत बैठक बताया जा रहा है लेकिन पिछले दिनों गोवा के नए मुख्यमंत्री को लेकल कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। गुरुवार को यह पूछे जाने पर कि क्या मौजूदा सीएम प्रमोद सावंत, मुख्यमंत्री बने रहेंगे इस पर राणे ने इसे एक संवेदनशील प्रश्न बताया और कहा कि उन्हें पता नहीं है।

सावंत ने कांग्रेस उम्मीदवार धर्मेश सगलानी को 650 से अधिक मतों के अंतर से हराकर सांकेलिम निर्वाचन क्षेत्र को बरकरार रखा।

राणे की राज्यपाल पी एस श्रीधरन पिल्लई से मुलाकात के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि वे गोवा के अगले सीएम दावेदार हो सकते हैं। हालांकि इसको लेकर पार्टी की तरफ से किसी तरह की कोई अपडेट नहीं है। राज्य में नई सरकार का शपथ ग्रहण होना अभी बाकी है, ऐसे में उनकी इस मुलाकात से राजनीतिक अटकलें तेज हो गयी हैं। हालांकि, बाद में राणे ने कहा कि यह उनकी निजी मुलाकात थी।

सूत्रों के मुताबिक, गोवा विधानसभा चुनाव में कुल 40 में 20 सीटें भाजपा के जीतने के बाद विश्वजीत राणे खुद को गोवा के मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में पेश कर रहे हैं। महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) के दो विधायक और तीन निर्दलीय पहले ही भाजपा को अपना समर्थन दे चुके हैं। भाजपा लगातार तीसरी बार राज्य में सरकार बनाने की तैयारी कर रही है।

राणे ने राज्यपाल से मुलाकात ऐसे समय की है, जब राज्यपाल ने राज्य विधानसभा को भंग कर दिया है, जिसका कार्यकाल 15 मार्च को समाप्त हो रहा है। दिन में, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया, जिससे नयी सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

तमाम अटकलों पर विराम लगाने की कोशिश करते हुए, राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राणे ने एक बयान जारी कर कहा कि राज्यपाल से उनकी मुलाकात निजी थी। राणे ने कहा कि वह राज्यपाल को अपने वालपोई निर्वाचन क्षेत्र में आमंत्रित करना चाहते हैं और चुनावी जीत के बाद उनका आशीर्वाद लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''हर चीज राजनीति नहीं है।